कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
2 — सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून — 248001
फोन न0 (0135) — 2712055, 2713551
फैक्स न0 (0135) — 2712014, 2713724

संख्या 2322 /XXV–12/2015 देहरादून : दिनांक 11 सितम्बर, 2017

सेवा में,

विभागीय अपीलीय अधिकारी,
जिला निर्वाचन कार्यालय,
देहरादून।

विषयः— सूचना के अधिकार के अन्तर्गत धारा 19 (1) के अन्तर्गत प्रथम अपील संबंधी पत्र का प्रेषण।

महोदया,

उपरोक्त विषयक श्री अनूप कुमार, ग्राम व पोस्ट—तुनवाला (अपर) देहरादून, उत्तराखण्ड के सूचना के अधिकार के अन्तर्गत प्रथम अपीलीय संबंधी प्रार्थना पत्र दिनांक 07 सितम्बर, 2017 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत उक्त आवेदक को वांछित सूचना उपलब्ध नहीं हुई है। उक्त सन्दर्भित सूचन उपलब्ध न होने की दशा में सन्दर्भित प्रथम अपील भी आपसे सम्बन्धित है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्तानुसार सूचना के अधिकार के अन्तर्गत धारा 19 (1) के अन्तर्गत प्रथम अपील की सुनवाई/निस्तारण के सम्बन्ध में अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही करने कष्ट करें।

संलग्न—यथोपरि।

भवदीय,

B.S. Rawat
(बी0एस0रावत)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

पृ0संख्या 2322 /XXV–12/2015, तद्दिनांक।

1— प्रतिलिपि लोक सूचना अधिकारी, जिला निर्वाचन कार्यालय, देहरादून।
2— प्रतिलिपि श्री अनूप कुमार, ग्राम व पोस्ट—तुनवाला (अपर) देहरादून, उत्तराखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित।

B.S. Rawat
(बी0एस0रावत)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

11.9.17

प्राप्त - 7/9/2017

दिनांक–04 / 09 / 2017

सेवा में,

विभागीय अपीलीय अधिकारी / अपर सचिव निर्वाचन,
उत्तराखण्ड शासन, सचिवालय,
04 शुभाष मार्ग, देहरादून।

S.O(R)
11/9/17
ACEO

**विषयः–सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19(1) के अन्तर्गत प्रथम अपील।**

महोदय,

उपयुर्क्त विषयक अपीलार्थी निम्नवत निवेदन करता हैः–

I) यह कि अपीलार्थी ने अपने सलंग्न पत्र दिनांक 01.08.2017 के अन्तर्गत लोक सूचना अधिकारी / अपर सचिव निर्वाचन उत्तराखण्ड शासन सचिवालय, देहरादून से निम्न सूचना चाही थीः–

1. प्रार्थीनी शालिनी सिंघल द्वारा जमा की गई दस्तावेजों मय प्रपत्र–6 की सत्यापित प्रति।
2. प्रार्थीनी शालिनी सिंघल को प्रदत्त वोटर आई0डी0 की सत्यापित प्रति।
3. वोटर आई0डी0 हेतु वांछित / आवश्यक दस्तावेजों की सत्यापित सूची।
4. प्रार्थीनी शालिनी सिंघल को निर्गत की गई वोटर आई0डी0 की सत्यापित तिथि।
5. यदि किसी व्यक्ति को वोटर आई0डी0 / वोटर कार्ड बनवाना हो, तो सम्बन्धित व्यक्ति को सक्षम प्राधिकारी के समक्ष फोटो खिंचवाने हेतु व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है अथवा नहीं।
6. नागरिकों द्वारा वोटर आई0डी0 हेतु जमा किये गये समस्त दस्तावेज / प्रपत्र आदि कितने वर्षों तक अभिलेखागार में सुरक्षित / संग्रहित रहते हैं।

II) यह कि कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड देहरादून द्वारा संलग्न पत्रांक 2212 / XXV-12(1-5)/2008 दिनांक 09.08.2017 के अन्तर्गत लोक सूचना अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय देहरादून को सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रेषित की गयी है।

III) यह कि एक माह से अधिक की अवधि व्यतीत हो चुकी है लेकिन सूचना आज तिथि तक अप्राप्त है।

IV) यह कि विभागीय लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना समयान्र्तगत न उपलब्ध कराना सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की भावना के विपरीत है।

V) यह कि लोक सूचना अधिकारी द्वारा निर्धारित समय में वांछित सूचना अनुपलब्ध होने पर अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19(1) के अन्तर्गत प्रथम अपील प्रस्तुत की जा रही है।

अतः महोदय से प्रार्थना है कि प्रार्थी की प्रथम अपील स्वीकार कर प्रार्थी द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध कराने की कृपा करें।

धन्यवाद।

श्री कार्की जी
कृपया उक्तानुसार विभागीय अपीलीय अधिकारी जिला नि. अ. देहरादून को अपील हस्तान्तरित करें।
B S Rawat
11 Sep 2017
P.I.O

प्रार्थी

अनूप कुमार
ग्राम व पोस्ट– तुनवाला (अपर)
देहरादून

संलग्नकः– यथोपरि।

1- प्रार्थी के पत्र दिनाक 01.08.2017 की छायाप्रति।
2- कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड देहरादून द्वारा संलग्न पत्रांक 2212 / XXV-12(1-5)/2008 दिनांक 09.08.2017 की छायाप्रति।

SP DEHRADUN GPO <248001>
GSTN No: 05AAAGS1260B1ZW
EV784154348IN
Counter No:9,OP-Code:09
To:PIO,UPPER SACHIV NIRVACH
DEHRADUN, PIN:248001
From:ANUP KUMAR , DEHARADUN
Wt:18grams, ,02/08/2017 ,19:14
Amt:18.00
,CGST @9% 1.5 ,SGST @9%: 1.50
<<Track on www.indiapost.gov.in>>
भारतीय डाक

सेवा में,

लोक सूचना अधिकारी/अपर सचिव निर्वाचन,
उत्तराखण्ड शासन, सचिवालय
04, शुभास मार्ग, देहरादून।

विषयः— सूचना का अधिकार, अधिनियम 2005 के अन्तर्गत सूचना हेतु प्रार्थना पत्र।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया संलग्न 22— मसूरी (सामान्य) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली 2017, उत्तराखण्ड भाग संख्या 132 के अनुभाग—1, सिनौला गांव, पोस्ट ऑफिस सिनौला, पिन कोड. 248003, पटवारी/लेखपाल—जोहडी, कानूनगो सर्किल— देहराखास, थाना राजपुर तहसील— देहरादून, ब्लॉक— सहसपुर, पंचायत जोहड़ी गांव का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

तदक्रम में वोटर आई0डी0 क्रमांक 359/RLA0532432 शालिनी सिंघल पुत्री श्री भूपेन्द्र कुमार सिंघल निवासी मकान संख्या 31 सिनौला गांव पोस्ट ऑफिस सिनौला, देहरादून के सम्बन्ध में निम्नवत सूचना चाहता हैः—

1. प्रार्थीनी शालिनी सिंघल द्वारा जमा की गई दस्तावेजों मय प्रपत्र—6 की सत्यापित प्रति।
2. प्रार्थीनी शालिनी सिंघल को प्रदत्त वोटर आई0डी0 की सत्यापित प्रति।
3. वोटर आई0डी0 हेतु वांछित/आवश्यक दस्तावेजों की सत्यापित सूची।
4. प्रार्थीनी शालिनी सिंघल को निर्गत की गई वोटर आई0डी0 की सत्यापित तिथि।
5. यदि किसी व्यक्ति को वोटर आई0डी0/वोटर कार्ड बनवाना हो, तो सम्बन्धित व्यक्ति को सक्षम प्राधिकारी के समक्ष फोटो खिंचवाने हेतु व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है अथवा नहीं।
6. नागरिकों द्वारा वोटर आई0डी0 हेतु जमा किये गये समस्त दस्तावेज/प्रपत्र आदि कितने वर्षों तक अभिलेखागार में सुरक्षित/संग्रहित रहते हैं।

उपरोक्त वांछित सूचना हेतु रू 10/— का पोस्टल ऑर्डर संख्या 37F 811880 मूलरूप से संलग्न है। कृपया उपरोक्त सूचना शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

प्रार्थी

अनूप कुमार
ग्राम व पोस्ट— तुनवाला (अपर)
देहरादून (उत्तराखण्ड)

संलग्न पोस्टल आर्डर की मूल प्रति।

**कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड**
**4 – सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून – 248001**
फोन न0 (0135) – 2712055, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2712014, 2713724

संख्या /XXV–12 (1–5)/2008 देहरादून : दिनांक 09 अगस्त, 2017

सेवा में,

लोक सूचना अधिकारी,
जिला निर्वाचन कार्यालय,
देहरादून।

**विषयः–** **सूचना के अधिकार के अर्न्तगत चाही गयी सूचनाओं से संबंधित आवेदन पत्र का हस्तान्तरण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक श्री अनूप कुमार, ग्राम व पोस्ट–तुनवाला (अपर), देहरादून, उत्तराखण्ड के सूचना के अधिकार संबंधी प्रार्थना पत्र दिनांक 01 अगस्त, 2017 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अर्न्तगत सूचना उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है, की प्रति इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि आवेदक द्वारा चाही गयी वांछित सूचना आपके कार्यालय से संबंधित है, जिसे सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की धारा 6 (3) के अर्न्तगत अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु हस्तान्तरित किया जा रहा है।

अतः कृपया नियमानुसार वांछित सूचना आवेदक को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्न–यथोपरि।**

भवदीय,

**(बसन्त सिंह रावत)**
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

**पृ0संख्या 2212 /XXV–12(1–5)/2008, तद्दिनांक।**
प्रतिलिपिः– श्री अनूप कुमार, ग्राम व पोस्ट–तुनवाला (अपर), देहरादून, उत्तराखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित।

B. S. Rawat
**(बसन्त सिंह रावत)**
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी